# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2021

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2021

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# HOME SCIENCE

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। आपको 35 प्रश्नों का उत्तर देने हैं। यदि परीक्षार्थी 35 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो प्रथम 35 उत्तरों की ही जाँच होगी।

1. किस विटामिन की कमी से बच्चों में अंगों की अस्थियाँ मुड़ जाती है ?

(a) विटामिन A

(b) विटामिन B

(c) विटामिन C

(d) विटामिन D

2. शिशु के लिए किस प्रकार के वस्त्रों का चयन करना उचित होता है

(a) कीमती एवं टिकाऊ

(b) आकर्षक एवं कम महँगे

(c) टिकाऊ एवं रेशमी

(d) नायलॉन एवं रेशमी

BiharboardQuestionpaper.com

3. मानकीकरण चिह्न देने का कार्य किस संस्था द्वारा किया जाता है ?

(a) भारतीय मानकीकरण बोर्ड

(b) भारतीय मानक ब्यूरो

(c) विज्ञापन प्रचार-प्रसार निगम

(d) इनमें से कोई नहीं

4. निम्न में से कौन जीवन बीमा निगम का लाभ है ?

(a) जोखिम कवरेज

(b) ऋण सुविधा

(c) कर-लाभ

(d) इनमें से सभी

5. बच्चे को सुयोग्य बनने के लिए क्या आवश्यक है

(a) उचित भोजन

(b) अच्छे वस्त्र

(c) अच्छा घर

(d) उचित निर्देशन

6. निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक रेशा है ?

(a) सिल्क

(b) पॉलिएस्टर

(c) नायलॉन

(d) विस्कॉस

BiharboardQuestionpaper.com

7. जल प्रदूषण के कारणों के लिए मुख्य रूप से निम्नलिखित में से कौन जिम्मेदार है?

(a) वनरोपण

(b) तेल रिफाइनरी

(c) कागज कारखाना

(d) (b) और (c) दोनों

8. वानस्पतिक दाग-धब्बों को किस माध्यम द्वारा हटाया जाता है ?

(a) बोरेक्स

(b) अमोनिया

(c) वाशिंग सोडा

(d) इनमें से सभी

9. कार्बोहाइड्रेट का सबसे सरल रूप होता है

(a) फ्रक्टोज

(b) ग्लूकोज

(c) गैलेक्टोज

(d) इनमें से सभी

10. निम्न में से कौन-सा तत्व विकास को प्रभावित नहीं करता ?

(a) रोग एवं चोट

(b) पोषण

(c) वातावरण

(d) धन

BiharboardQuestionpaper.com

11. निम्न में से कौन गर्भावस्था की कठिनाई है ?

(a) गर्भपात

(b) अपरिपक्व जन्म

(c) गर्भकालीन विषाक्तता

(d) इनमें से सभी

12. विटामिन C कमी से कौन-सी बीमारी होती है ?

(a) स्कर्वी

(b) एनीमिया

(c) रतौंधी

(d) बेरी-बेरी

13. क्षयरोग से बचने के लिए कौन-सा टीका लगाया जाता है ?

(a) डी.पी.टी.

(b) एम.एम.आर.

(c) बी.सी.जी.

(d) हेपेटाइटिस बी

14. माँ का पहला दूध क्या कहलाता है ?

(a) कोलोस्ट्रम

(b) प्रोटीन

(c) विटामिन

(d) कैल्शियम

BiharboardQuestionpaper.com

15. सिरका होता है

(a) चिकनाई अवशोषक

(b) अम्लीय अभिकारक

(c) क्षारीय अभिकारक

(d) चिकनाई विलायक

16. विकासात्मक मनोविज्ञान लाभदायक है।

(a) बच्चों के लिए

(b) शिक्षकों के लिए

(c) अभिभावकों के लिए

(d) इनमें से सभी के लिए

17. जंग का धब्बा है

(a) प्राणिज धब्बा

(b) खनिज धब्बा

(c) चिकनाई युक्त धब्बा

(d) वानस्पतिक धब्बा

18. भारतीय शिशु की औसत जन्म ऊँचाई क्या है ?

(a) 30 संभी

(b) 40 सेमी

(c) 50 सेमी

(d) 80 सेमी

BiharboardQuestionpaper.com

19. कौन-सी रेखा ऊँचाई भ्रम है ?

(a) खड़ी रेखा

(b) पड़ी रेखा

(c) वक्र रेखा

(d) क्रॉस रेखा

20. शारीरिक विकास की सबसे महत्त्वपूर्ण अवस्था है

(a) शैशवावस्था

(b) बाल्यावस्था

(c) प्रौढ़ावस्था

(d) वृद्धावस्था

21. प्राथमिक रंग कितने प्रकार के होते हैं ?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 8

22. निम्न में से किस प्रकार के भोजन में जीवाणुओं की वृद्धि तीव्र गति से होती है

(a) प्रोटीनयुक्त भोजन

(b) वसायुक्त भोजन

(c) खनिज लवणयुक्त भोजन

(d) विटामिनयुक्त भोजन

BiharboardQuestionpaper.com

23. निम्न में से कौन-सी बीमारी दूषित भोज्य पदार्थों को खाने से होता है ?

(a) अतिसार

(b) हैजा

(c) पेचिश

(d) इनमें से सभी

24. निम्नलिखित में से कौन-सा आंतरिक सजावट का एक क्षेत्र है ?

(a) बगीचे की सज्जा

(b) छत की सज्जा

(c) आस-पास की सज्जा

(d) कमरो की सज्जा

25. लाल और पीले रंग के संयोग से कौन-सा रंग बनता है ?

(a) नारंगी

(b) बैंगनी

(c) हरा

(d) कत्थई रंग

26. नॉन-बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत आते हैं

(a) यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया

(b) भारतीय जीवन बीमा निगम

(c) जनरल इन्श्योरेंस ऑफ इंडिया

(d) इनमें से सभी होता है ?

BiharboardQuestionpaper.com

27. बच्चों में विटामिन A की कमी से कौन-सा रोग होता है ?

(a) रतौंधी

(b) बेरी-बेरी

(c) पोलियो

(d) अतिसार

28. निम्न में से कौन एक आई. एस. आई. मार्क उत्पाद है ?

(a) गैस चूल्हा

(b) जैम

(c) सोना

(d) घी

29. ब्याज एवं लाभांश पारिवारिक आय का कौन-सा प्रकार है ?

(a) मानसिक आय

(b) प्रत्यक्ष वास्तविक आय

(c) अप्रत्यक्ष वास्तविक आय

(d) मौद्रिक आय

30. रोग निरोधी क्षमता कितने प्रकार के होते हैं ?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 6

BiharboardQuestionpaper.com

31. निम्न में से किस बर्तन में खाद्य पदार्थों को अधिक समय तक रखने पर विषाक्तता उत्पन्न हो जाती है

(a) स्टील

(b) ताँबा

(c) शीश

(d) लोहा

32. आहारीय मिलावट का अर्थ है

(a) खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता का स्तर निम्न होना

(b) खाद्य पदार्थ का विषैला होना

(c) खाद्य पदार्थ का दूषित होना

(d) इनमें से कोई नहीं

33. प्रसवोत्तर अवधि है

(a) गर्भधारण से प्रसव तक

(b) गर्भधारण से प्रसव पूर्व तक

(c) प्रसव से 45 दिनों तक

(d) प्रसव के छः मास तक

34. निम्न में से कौन द्वितीयक रंग है ?

(a) लाल

(b) हरा

(c) नीला

(d) पीला

BiharboardQuestionpaper.com

35 . निम्न से कौन-सा कीड़ा कपड़ों को नुकसान पहुँचाता है ?

(a) तिलचट्टा

(b) सिल्वर फिश

(c) मक्खियाँ

(d) खटमल

36. किस प्रकार के कपड़ों को स्टार्च किया जाता है ?

(a) पॉलिएस्टर

(b) सूती

(c) ऊनी

(d) टेरीलीन

37. मानव की मूल आवश्यकता नहीं है

(a) मनोरंजन

(b) भोजन

(c) वस्त्र

(d) आवास

38. निम्नलिखित में से किसमें विटामिन C प्रचुर मात्रा में पाया जाता है ?

(a) नींबू

(b) लौकी

(c) आलू

(d) बैंगन

BiharboardQuestionpaper.com

39. विटामिन ए घुलनशील है

(a) जल में

(b) वसा में

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

40. एड्स कैसे फैलता है ?

(a) हाथ मिलाने से

(b) साथ-साथ खेलने से

(c) संक्रमित सूइयों से

(d) जल और भोजन से योग्य है ?

41. पौधे का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग खाने योग्य है ?

(a) बीज

(b) पत्ते

(c) फूल

(d) इनमें से सभी

42. निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(a) गर्भावस्था में पौष्टिक भोजन लेना चाहिए

(b) गर्भावस्था के दौरान अधिक पानी पीना चाहिए

(c) शराब व नशीले पदार्थ का सेवन करना चाहिए

(d) वजन के बढ़ने का ध्यान रखना चाहिए

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

43. विनियोग के साधन क्या हैं ?

(a) बैंक

(b) डाकघर

(c) बाजार

(d) (a) और (b) दोनों

44. निम्न में से कौन कुपोषण का कारण है ?

(a) निर्धनता

(b) पौष्टिक भोजन की कमी

(c) अज्ञानता

(d) इनमें से सभी

45. कृषि संबंधी उत्पादों के लिए भारत सरकार द्वारा मानक चिह्न कौन है ?

(a) एगमार्क

(b) आई. एस. आई.

(c) हॉलमार्क

(d) इनमें से सभी

46. सूर्य की रोशनी से कौन-सा विटामिन मिलता है ?

(a) विटामिन A

(b) विटामिन B

(c) विटामिन C

(d) विटामिन D

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com

47. पारिवारिक साधनों का सदुपयोग क्या कहलाता है ?

(a) अंत: सज्जा

(b) मूल्यांकन

(c) अर्थव्यवस्था

(d) गृह प्रबंध

48. प्लास्टिक द्वारा मुख्यतः किस प्रकार का प्रदूषण होता है ?

(a) भूमि

(b) ध्वनि

(c) वायु

(d) जल

49. निम्न में से कौन प्राथमिक रंग है ?

(a) लाल

(b) हरा

(c) बैंगनी

(d) नारंगी

50. निम्न में से कौन ध्वनि प्रदूषण का सामान्य स्रोत है ?

(a) लाउडस्पीकर

(b) पटाखे

(c) सड़क यातायात

(d) मकान निर्माण

BiharboardQuestionpaper.com

51. घरेलू वायु प्रदूषण का क्या कारण है ?

(a) खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन

(b) मच्छर मारक

(c) तम्बाकू धूमपान

(d) इनमें से सभी

52. निम्न में से किस अवसर पर विशिष्ट परिधान की आवश्यकता नहीं होती है ?

(a) विवाह

(b) मृत्यु

(c) जन्म

(d) पार्टी

53. निम्न में से कौन खाद्य संरक्षण का लाभ है ?

(a) खाद्य का सड़ने से बचाव

(b) वर्ष भर खाद्य की उपलब्धता

(c) खाद्य का स्वाद बरकरार

(d) इनमें से सभी

54. मानव शरीर का सबसे बड़ी ग्रंथि निम्न में से कौन है ?

(a) यकृत

(b) थायराइड

(c) वृषण

(d) अंडाशय

BiharboardQuestionpaper.com

55. शुद्ध जल होता है

(a) रंगहीन

(b) गंधहीन

(c) स्वादहीन

(d) इनमें से सभी

56. अंतःस्रावी प्रणाली से संबंधित आजकल का सबसे आम रोग है

(a) मधुमेह

(b) वृद्धि विकार

(c) लैंगिक विकार

(d) प्रजनन

57. परिधान के उपयोग के बाद किस गतिविधि की आवश्यकता तुरंत होती है ?

(a) मरम्मत

(b) आयरन करना

(c) धब्बे छुड़ाना

(d) हवा देना

58. निम्न में से कौन वस्त्रों पर लगे धब्बे को छुड़ाने की विधि नहीं है ?

(a) रासायनिक विधि

(b) चूषक विधि

(c) घोलक विधि

(d) भौतिक विधि

BiharboardQuestionpaper.com

59. निम्न में से किनकी सहायता मिलावट रोकने में अपेक्षित है ?

(a) खाद्य निरीक्षक

(b) आम आदमी

(c) खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम

(d) इनमें से सभी

60. निम्न में से किसकी सफाई प्रतिदिन करना आवश्यक नहीं है ?

(a) फर्श

(b) बर्तन

(c) स्लैब

(d) खिड़की और दरवाजा

61. कपड़ों को सुखाने की सर्वोत्तम विधि है

(a) धूप तथा हवा द्वारा

(b) ड्रायर द्वारा

(c) इस्त्री द्वारा

(d) डीटर द्वारा

62. आंतरिक सज्जा नहीं की जाती है।

(a) घर में

(b) दुकान में

(d) सार्वजनिक सुविधा में

(c) कार्यालय में

BiharboardQuestionpaper.com

63. नमी युक्त वस्त्रों पर किस चीज की दाग लग जाती है ?

(a) फफूँदी

(b) खमीर

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

64. आयोडीन की कमी से कौन-सा रोग होता है ?

(a) घेंघा रोग

(b) मधुमेह

(c) बौनापन

(d) रिकेट्स

65. निम्न में से कौन मास्टर ग्रंथि है ?

(a) पिट्यूटरी

(b) एड्रीनल

(c) थॉयरायड

(d) पाराथॉरायड

66. निम्न में से किस हार्मोन के स्राव के कारण पुरुष में पुरुषत्व का गुण आता है ?

(a) टेस्टोस्टेरोन

(b) एस्ट्रोजन

(c) प्रोजेस्ट्रॉन

(d) प्रोलैक्टिन

BiharboardQuestionpaper.com

67. निषेचित डिंब का विकास कहाँ होता है ?

(a) गर्भाशय

(b) अंडाशय

(c) शुक्राशय

(d) इनमें से कोई नहीं

68. भोजन का मनोवैज्ञानिक कार्य क्या है ?

(a) संतुष्टि प्रदान करना

(b) ऊर्जावान बनाये रखना

(c) स्वस्थ रखना

(d) इनमें से कोई नहीं

69. ऊर्जा देने वाले खाद्य पदार्थ क्या हैं ?

(a) प्रोटीन

(b) कार्बोहाइड्रेट

(c) वसा

(d) इनमें से अभी

70. दूषित जल पीने से कौन-सा रोग होता है ?

(a) पीलिया

(b) क्षय रोग

(c) मधुमेह

(d) मलेरिया

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 20 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। अपने उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दें।

निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए:

1. आरामदेह वस्त्र।
2. स्थाई दाँत
3. आहार आयोजन।
4. निर्जलीकरण।
5. रोग प्रतिरक्षण ।
6. अंकुरीकरण।
7. नर्सरी स्कूल
8. शुद्ध पेय जल के गुण ।
9. प्रसव।
10. चेचक ।
11. डिम्बवाहिनी नली।
12. खनिज लवण ।
13. वायु प्रदूषण।
14. डाकघर ।
15. निवेश ।
16. टीकाकरण ।
17. वसा।
18. तरल आहार।
19. बिहार की सुजनी ।
20. आहारीय मिलावट ।

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 21 से 26 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। अपने प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 से 100 शब्दों में दें ।

21. मिलावट से आप समझते हैं ? इसे रोकने के विभिन्न उपायों का वर्णन करें।

22. कपड़ों के संग्रह करने से पूर्व करने योग्य कुछ नियम क्या हैं ? वर्णन करें।

23. प्रदूषण कितने प्रकार के होते हैं ? प्रत्येक का संक्षिप्त वर्णन करें।

24. हार्मोन से आप क्या समझते हैं ? इसके कार्यों का वर्णन करें।

25. रसोईघर में कपड़ों के विभिन्न उपयोग क्या है?

26. पूरक आहार देते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com